12.22 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### SCHEMES TO BRING ABOUT IMPROVEMENT IN THE SLUMS OF THE METROPOLITAN CITIES OF THE COUNTRY

SHRI CHANDRAJIT YADAV (Azamgarh): I call the attention of the Minister of Works and Housing to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:

> Government's schemes to bring about improvement in the slums of the metropolitan cities of the country.

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI P. C SETHI) This question was transferred to us late in the night and I am sorry for the lapse We will see that it will not happen again. It was orginally addressed to the Planning Commission but it was transferred to us late in the night.

Mr Speaker, Sir, though the Slum Clearance/Improvement Scheme was introduced in the Central Sector in May, 1956 and is now being operated as a State Sector Scheme since April, 1969, the thrust of Government's policy towards slums has shifted from one of relocation to that of improvement of existing slum settlements. This shift in emphasis was given concrete shape when the Scheme for Environmental Improvement in Slum Areas was introduced as a Central Sector Scheme in April, 1972, to cover 20 cities, including all the 9 metropolitian cities with a population of more than one million. This Scheme envisages improvement of environmental conditions in such of the slum area which are not earmarked for clearance for at leat 10 years. The environmental improvements provided under the Scheme comprise (i) provision of water supply, including drinking wated taps, (ii) sewers, (iii) storm water drains, (iv) community baths and latrine, (v) widening and pauing of exiting lanes and (vi) street lighting. Any other item of improvement could also be considered on merits. The per capita ceiling cost for provision of these amenities was Rs. 120.

2. With effect from the beginning of the Fifth Plan, i.e., from 1-4-1974, the Scheme was transferred to the State Sector as part of the minimum needs programme and its scope was extended to cover all cities with a population of 3 lakhs and above and at least one town in such of those States which did not have a city of this size. With effect from 1-4-1978, the scope of the Scheme has been further extended to all urban areas, irrespective of their population size and the per capital ceiling cost has also raised to Rs. 150.

3. Recently, the National Buildings Organisation made an estimate of the slum problem in the country. According to these estimates, about 40 per cent of the total slum population in the urban areas are concentrated in the 9 metropolitan cities with a population of one million and above. The estimated slum population in 1979 in these metropolitan cities is 99,75,000. As a percentage of the population of the city, the slum population varies from about 10 per cent in Bangalore to about 30 per cent in Kanpur.

4. The Government are alive to the problem of slums, not only in the 9 metropolitan cities with a population of one million and above but also in the cities and towns of lower order. The inclusion of the Scheme for Environmental Improvement of Urban Slums as part of the Minimum Needs programme In some of the metropo-

[P. C. Sethi]

litan scope to cover all urban areas is indicative of the importance which Government attaches to this programme. In some of the metropolitan cities, in addition to this Scheme, slum improvement has been taken up as part of multi-sectoral urban projects with assistance from the World Bank.

5. A provision of Rs. 140 crores was made for the period 1978—83 in the Revised Minimum Needs Programme of the State Plans, with an estimated coverage of nine million slum dwellers in the country.

6. The Draft Five Year Plan for the period 1980—85 is under formulation. Without making a firm commitment in this behalf, and subject to availability of funds, our endeavour would be to speed up the implementation of the slum improvement in such a manner that all the slums are covered by the end of this period.

SHRI CHANDRAJIT YADAV (Azamgarh): Sir, the condition in slum areas in the country are a major hazard. It is a matter of grave concern that majority of almost 25 per cent of our population which is living in the urban areas today are not able to get the most essential services and the most basic needs for the day-to-day life. I think that this problem which has been given a great priority in the schme of our national development has somehow been always neglected. Sometimes, the Centre also has been taking it into its own sectors, sometimes it has been transferred to the States and sometimes, rather often, it is said that the problem is of great importance. But it is a very serious problem and a major problem, and a very large population of our country lives in slums and necessary money has not been made available. Even the money made available for different slums has not been properly utilised. The serious thing is that whatever money is allocated for the improvement of slums, for the clearance of slums, for providing basic needs in slum areas or improvement in the enviornments in slum areas, even that money has not been properly utilised. I would like to draw the attention of the Minister to realise what may be the consequence if his problem is not effectively tackled. Sir, by 2,001 A. D. the urban population will be 278 million. In other words, 278 million people will be living in urban areas by 2001 A.D. and keeping this in view, the National urbanisation Policy Resolution was passed in 1975 and after that, the idea was to work out a national strategy so that the Central Government and the State Governments and the regional development authorities will coordinate with each other so that this problem is effectively tackled and enough money is provided. People who are living there are living worse than the animals. If anybody visits the slum areas in Bomaby or even in Delhi or for that purpose in any city...

MR. SPEAKER: Not even in big cities, small towns.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: I am grateful to you for you have drawn my attention to it. Therefore, I am saying that more than hundreds of towns in which slums are coming up, are in the most unclean manner. There are no proper drainage, lighting or road facilities. Even in the Minimum needs based scheme of the Government, there is no provision for hospitals, schools and children's parks, as if the children living in the slum area do not need education, medical facilities and minimum entertainment facilities which the other privileged class children in this country are entitled to get.

There is a rapid growth of the urban population. In the last ten years

the transfer of population from the rural to the urabn areas has gone up by two or three times, and in certain cases by even five or six times. The Committee which was seriously considering this problem has come to certain conclusions. For meeting this problem effectively, they have suggested certain legislative and administrative measures as also technical and financial provision. Unless these measures are taken and a proper co-ordination is effected, this problem will become a menace. It is already a menace, a national menace. People are living in the most horrible conditions in the slums of our country. So, I would like the Minister to give serious consideration to a revision of this policy.

On the basis of the minimum need based programme, the whole thing has been transferred to the State Governments. In the beginning it was with the Centre. Again, in 1971, it came back to the Centre, and now it has again been given back to the States—not the improvement and clearance of the slums. This minimum need based programme will be implemented only in areas where the slums are not to be cleared for ten years. What will happen after ten years? Where are they to do? Is there any scheme for the permanent alternative settlement of these people?

According to the statement 2.5 crores of people in this country are living in slum areas. This is very much of an underestimate. According to various agencies which have studied the problem, 10 crores of people are living in slums.

You are nodding your head, but what is the criterion for deciding which area is a slum. In the modren countries of the world all areas where the minimum facilities are not available are called slums. In European countires, if there is no proper air conditioning, if there is no modern educational scheme, no proper roads, in spite of the fact that the houses look very good with good accommodation, such areas are described as slums. In our country, only those areas which are on the outskirts of the cities where people live in huts which are in halutable called slums. But lakhs of houses in the cities of Bomaby, Calcutta, Kanpur and even Delhi are in such a condition that the people living in them are all the time in fear that any time heavy rain may cause collapse of houses be responsible for the death of the entire family. This happens every year. The number of people living in this condition runs into millions, not thousands or lakhs. Therefore, Government must revise its slum improvement policy. The Central Government should take up the entire responsibility and the Planning Commission must give priority to this.

The last paragraph of the statement is very illusive. I am sorry that the Minister agreed to make such a statement. I can appreciate his difficulty because he got this last night and the Planning Commission has not furnished him with full information as to what they are doing. He is not in a position to make a firm commitment. I appreciate his helplessness.

> "Without making a firm commitment in this behalf, and subject to availability of funds, our endeavour would be to speed up the implementation of the slum improvement in such a manner that all the slums are covered by the end of this period."

This is a statement which is not based on reality. How would you be able to do it during the next five years if you do not know how much money is being allocated, if you do not have any idea of the gravity of the situation? The Planning Commission has

[Shri Chandrajit Yadav]

not taken you into confidence, and the Planning Commission is asking you to make this commitment to the House that, in the next five years, you will be able to do it. If the Minister is very sincere and if the Minister really wants that, in this Five-Year Plan, the entire slums in this country should be cleared, not only the minimum need-based programme but slums improvement programme, slum clearance programme, providing alternative settlement for those unfortunate people who are really poor people, who belong to the working class, the most downtrodden people—they are the people living in these areas—the entire policy of urban development has to be considered. If you go round Delhi, you see only pash localities coming up year after year—people having dozens of houses. But these millions of people who are really the working-class people, who are giving their blood and sweat for the development of this country, are being allowed to live in most horrible conditions, even after 33 years. The Minister says that, in the next five years, it would be done; a commitment is being made. But, in the last 33 years, the problem has been going on aggravating, the slum-dwellers are multiplying; the number of slum-dwellers in this country has been growing every year. No alternative settlement is provided to them. Therefore, I would like to ask the Minister these questions. In a city like Kanpur, he himself admits that 37 per cent of the population—I can say based on my experience that Kanpur is having almost half of its population like this—are slum-dwellers. If you go to any city which you call a beautiful city, for example, even Lucknow or Bangalore, you find that ten per cent of the people are living in slums. You know the position in Delhi. I know your feelings. I know that you visited, as the Minister of Works and Housing, some of the slum areas you must have seen the condition there. (*Interruption*)** Even cities which you call most beautiful, have a considerable population living as slum-dwellers. (*Interruptions*

MR. SPEAKER: You cannot do like this. That will not go on record.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: I would like to ask the Minister these questions. Will the hon. Minister take the House into confidence and say, for the total clearance of slum areas, for the improvement of slums in this country, how much money is needed by Government, whether any estimate has been made? Also will the Minister make a firm commitment to this House that, not only the need-based programme it is nothing; it is an eye-wash; people will live in that condition; after ten years, they will be thrown out, and they are being thrown out every year—but those people will be provided alternative settlement on a reasonable ground so that they can live like brothers and sisters in this country, they will lead a decent life with all the minimum facilities like facilities for education of their children, medical facilities, housing facilities, lighting facilities and other facilities?

You have said that now the World Bank has come forward. The World Bank does things very dangerously; you must keep that in mind. The World Bank has not promised to give you loan for the removal of the slums, for making alternative arrangements, but they have only said that they would help us in our need-based programme. It means that they will remain there. Certain facilities will be given and after 10 years, they will be thrown out anywhere and nobody will know where the people have been

**Not recorded.

thrown out. Will you please let us know how much loan the World Bank is giving to you? Are there any conditions? If they have given any schemes to you, what are those schemes which you want to implement?

Last question—I would like to know from Mr. Sethi...

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): Minister.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: Yes, Minister certainly, I am saying with all respect.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO (Karimnagar): Sethi means which Sethi because so many Sethis are there.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: I say, the hon. Minister, Mr. Sethi. Is it all right? Does it satisfy you?

MR. SPEAKER: Amenable to suggestion.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: I always welcome it, Sir.

Therefore, I would like to ask the Minister. When this National Organisation Policy Resolution was passed in 1975, they made a very categorical recommendation that a national development strategy must be worked out and the Central Government should take the responsibility in co-ordination with the State Governments and other regional authorities to solve this problem which is assuming an enormous size which, as I mentioned, by 2001 will be a major problem and 278 million people will be living in the cities and with the money that is being provided to-day, more than half the population will become slum population. What is the government going to do?

SHRI P. C. SETHI: I am very thankful to the hon. Member for drawing my attention to the problem which is already under our very active consideration. I think he has not visited more slums than I have visited in the last 4½ months. Therefore, I know the slum-dwellers' conditions much better than what he is stating here. But he is trying to confuse the issue.

As far as the minimum needs programme is concerned, it provides only 6 facilities which I mentioned in my statement and I would, for the benefit of the House, like to repeat it again: (i) provision of water supply, including drinking water taps, (ii) sewers, (iii) storm water drains, (iv) community baths and latrines, (v) widening and paving of existing lanes and (vi) street lighting. Now the question is that the World Bank is also giving us loan, not based on some programmes but based on the acceptance of a scheme which the State Governments submit to the World Bank. Then, their team comes here, they examine it and when they pass it, they give the loan for this. We are already of the view that we should approach the World Bank, that they should give us a programme loan which would enable us from our own resources and from the loan that we can get from the World Bank to cover up all the slum areas of India.

Now it is not only limited to the urban slums or the slums in the nine metropolitan cities but we have also said that every city which has a slum has to be covered. Now there is a difference between the hon. Member's estimate and the estimate which I have provided. According to the official estimates, the total slum dwellers to-day are 2.5 crores. By 1985, in view of the fact that more people are coming to the cities in spite of the fact that we shall be improvising the slums, the slum population is bound to go up to 3 crores. Therefore,

[Shri P. C. Sethi]

the population is increasing. He is rightly saying that by 2000, if proper steps are not taken, the slum population is going to increase. Taking all these into consideration, the *per capita* expenditure of Rs. 120 was increased to Rs. 150...

SHRI CHANDRAJIT YADAV: Not sufficient at all.

SHRI P. C. SETHI: Please bear with me. Now, I am visiting all the State capitals. I have visited the capital of Maharashtra—Bombay and the Maharashtra Government is of the opinion that Rs. 150 *per capita* is not sufficient in view of the price increase. The *per capita* expenditure may go upto Rs. 200 and, therefore, when we multiply it by the 3 crore population, it comes to Rs. 600 crores. If money to the tune of Rs. 600 crores is provided, I am sure we will not leave any slum which would not have these facilities. Resettlement of slums is a different matter altogether.

MR. SPEAKER: It works out to Rs. 6,000 crores.

SHRI P. C. SETHI: No, Sir. If you multiply 200 by 3 crores it comes to Rs. 600 crore.

MR. SPEAKER: You are right.

SHRI P. C. SETHI: So, it comes to Rs. 600 crores. It is possible, as Mr. Yadav said, that the population estimated by our Committee might come to roundabout 3.5 crores of slum-dwellers. And by the year 1985 it might go upto 4 crores. I agree with Mr. Yadav.

Therefore, I am actually pleading with the Planning Commission as well as the Ministry of Finance that the provision of Rs. 800 crores has to be provided for if the slums have to be improvised. Apart from this, we are also takin into account as has been stated in the statement those facilities needed by them. If they want facilities like a small community hall somewhere, we are trying to give it to them. Suppose they want some school somewhere, we are also trying to provide them with a school. We have also to provide them with drinking water and C.G.H.S. facility. The main question is: for the people who are living in sub-human condition, that is, if they live almost like animals, for them, we must provide them the facilities to live in sanitary conditions in a way so that they can live like human beings. Resettlement of the slums, that is, providing them with alternative housing is a stupendous task. The expenditure on this account would come to an astronomical proportion. If I were to provide the alternative housing to the citizens of Delhi alone who are living in slums, I need Rs. 1100 crores. From that point of view, I say it might even go up. Mr. Yadav might not have gone to Malaysia or Singapore. I have gone to these countries. I have also visited the other underdeveloped countries and so I can say with confidence that India has been a leading country as far as underdeveloped countries are concerned which is doing something on this account. Therefore, I can assure the hon. Member that Government is going into this problem and it is doing its best to improvise the slums. The previous Government made a provision of Rs. 140 crores in the Five Year Plan, 1978—83. But, in the years 1978-79 and 1979-80 they gave only Rs. 27 crores to the State Governments. This is an unfortunate part of it. Even out of these Rs. 27 crores given to State Governments they also needed something for meeting the cost of the minimum needs programmes. They have diverted some amount for adult education. What happened to the money spent on adult education? I think Mr. Yadav knows much better than me that, in the previous regime, this amount was spent for some other

purpose. In other words, the money which should have been spent for the slum-dwellers has gone into the coffers of the R.S.S. people. Now this is a most unfortunate part of the whole story. Therefore, there is some force in what Mr. Yadav said. In 1974 after the Planning Commission's discussion at the National Committee, this subject was transferred to the State as a state subject. We have been thinking seriously as to what should be done by us. We should have some leverage in the Plan to control the minimum needs programme expenditure. it should again revert back to the central sector. This is a matter which should be considered by the Planning Commission and the Ministry of Finance. Certainly, as far as the hon. Members of the House are concerned, if they all plead for that, then, my task would have been made very easy.

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री जी ने कहा कि मैंने पिछले तीन-चार महीनों में बहुत जगह जाकर स्लम्स और गन्दी बस्तियां देखी हैं । लेकिन देखना और उस पर अमल करना ये दोनों दो चीजें हैं। मैं एक रिपोर्ट को देख रहा था । एक बार जवाहर लाल नेहरू जी भी कानपुर की एक गन्दी बस्ती को देखने गये थे । उन्होंने उस बस्ती को देखने के बाद कहा--"इसे तुरन्त जला दो ।" लेकिन आज हम 30-32 सालों के बाद भी देख रहे हैं कि कोई भी गन्दी बस्ती नहीं जल पायी है । मंत्री महोदय ने कहा कि उन्होंने जा कर देखा है। मैं तो कहूंगा कि जिस तरह से देखना चाहिये था उस तरह से उन्होंने नहीं देखा है । वह बताएं कि देखने के बाद उनके ऊपर क्या प्रतिक्रिया हुई है ? वह उन लोगों को बिना वैकल्पिक स्थान दिए हुए नहीं हटाते अगर उन पर प्रतिक्रिया न हुई होती । मैं पेपर्स के कटिंग्ज देख रहा था । दो वर्शन हैं । एक ओर तो आपने कहा है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए हुए किसी को नहीं हटाया जाएगा और दूसरी तरफ मई और जून के महीनों में आपने सेलमपुर में झुग्गियां और झोपड़ियां गिरवा दीं । बिना उन लोगों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए आपने उनको वहां से हटा दिया ।

यह बहुत ही महत्व विषय है । हम लोग एयर कंडिशंड मकानों में बैठकर इन लोगों के बारे में विचार कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि मंत्री जी वहां गए होंगे, सरकार में आने के पहले और सरकार में आने के बाद और मंत्री बन जाने के बाद गए होंगे । जिस प्रकार की व्यवस्था मंत्री बनने के बाद कर दी जाती है उस प्रकार की व्यवस्था पहले नही की गई होगी । अगर वह पहले गए होंगे और बाद में गए होंगे तो दोनों में उन्होंने अन्तर जरूर पाया होगा । बिना गन्दी बस्तियों में गए और वहां जाकर रहे, उनके दुःख दर्द को समझा नही जा सकता है । जिसने वहां जाकर कम से कम रात वहां गुजार ली हो वही उनके दुख दर्द को समझ सकता है । असली माहौल का उसको तभी ज्ञान होता है । असली माहौल वहां शाम को बनता है जब एक तरफ तो मच्छर काटना शुरू कर देते है, दूसरी तरफ नाले की बदबू आनी शुरू हो जाती है, तीसरी तरफ बच्चे रोना शुरू कर देते हैं, चौथी तरफ महिलाएं, बच्चे, बूढ़े पाखाना जाने के लिए लाइन लगाना शुरू कर देते है । ये जो अभागे लोग है इनको 25 गज के प्लाट आवंटित किए जाते है । उनके मकानो मे न तो खिड़की होती है और न कहीं किवाड़ । जब आप उसमें बन्द हो जाते है तब यह सत्य आपके सामने आकर खड़ा होता है । यातायात की उनको जो कठिनाई होती है उसको भी आप देखें । कितनी दूर से उनको मजदूरी करने के लिए आना पड़ता है, यह भी सभी जानते है । खटिया सड़क पर लाकर और बिछाकर सड़क के किनारे वे सोते हैं। इन सब चीजो का अनुमान वहां जाकर और रह कर ही लगाया जा सकता है ।

एक तरफ देश में बड़ी-बड़ी अट्टालिकायें हैं, बड़े-बड़े भवन है और दूसरी तरफ यह कलंक है । गांधी जी ने भी इसको 1947 और 1948 में कलंक की संज्ञा दी थी । उन्होंने कहा था कि जिस देश में एक तरफ अट्टालिकायें रहेंगी और दूसरी तरफ ये झुग्गियां और झोपड़ियां रहेंगी, या गन्दी बस्तियां रहेंगी, वह देश कभी भी विकसित नहीं हो सकता । मंत्री महोदय अभी विदेश की बात कर रहे थे । एक बार हमें पिछली बार विदेश जाने का मौका मिला था । विदेशों के पैमाने पर सोचें तो हम पाएंगे कि सारा भारत ही स्लम है। कुछ लोगों को निकाल दें तो पूरा हिन्दुस्तान एक गन्दी बस्ती है जबकि लोग कहते हैं कि भारत स्वर्ग भूमि है ।

यह 1977 की रिपोर्ट है । इसके मुताबिक दिल्ली में 7 लाख पापुलेशन गन्दी बस्तियों में रहती है, झुग्गी झोपड़ियों में रहती है, कलकत्ता में 11 लाख, बम्बई में 300 गन्दी बस्तियां हैं जिनमें दस लाख लोग रहते हैं---

**एक माननीय सदस्य** : इससे ज्यादा ।

**श्री राम विलास पासवान** आप ठीक कहते हैं। रिपोर्ट कितनी सही होती है यह आप भी जानते हैं।

मद्रास में 1 लाख, बंगलौर में जिनको सिटी आफ गार्डन कहा जाता है एक लाख रहते हैं। इस तरह से रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे भारत में 38 लाख परिवार बेघरबार है। 80 प्रतिशत लोग हैं जिनके पास टूटे फूटे छप्पर हैं। चूंकि योजना मंत्रालय से भी इसका संबंध है इसलिए मैंने योजना मंत्री से भी सवाल इसके बारे में किया था। बीस प्रतिशत परिवार भारत के ऐसे हैं जो दस मीटर से कम जमीन में रहते हैं। 51 से 55 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनके पास 20 वर्ग मीटर से नीचे जमीन है। मैं एक रिपोट में पढ़ रहा था कि दिल्ली में जानवरों के रहने के लिये, एक भैंस के रहने के लिए, दिल्ली प्रशासन ने कहा है कि 20 मीटर से ज्यादा पक्की जगह चाहिए। आदमी के परिवार के लिए जिसमें 5 आदमी का पूरा परिवार रहता है, उसके लिए आप साढ़े 22 गज जगह देते हैं। प्रतिवर्ष जनसंख्या बढ़ रही है लेकिन आपकी योजना के मुताबिक आवास के लिए राशि घटती जा रही है। प्रथम पंचवर्षीय योजना में यह राशि कुल सार्वजनिक क्षेत्रीय विनियोग का 16 प्रतिशत थी, द्वितीय योजना में 8 परसैंट हो गई, तृतीय पंचवर्षीय योजना में 7 परसेंट हो गई, चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में 4 परसेंट हो गई। अब पंचम पंचवर्षीय योजना में कितनी है, यह आप बतायेंगे।

**श्री पी० सी० सेठी** : आपको ज्यादा मालूम होगा।

**श्री राम विलास पासवान** : 1978-83 की जो पंचवर्षीय योजना है, उसमें दिखाया गया है। यह पंचवर्षीय योजना का प्रारूप है, इतनी मोटी किताब है और इसमें गन्दी बस्तियों के सम्बन्ध में केवल 2 लाइनें हैं। इसके पेज 206 पर यह लिखा गया है —

> "यह अनुमान है कि शहरी जनसंख्या का पांचवां हिस्सा गन्दी बस्तियों में रहता है। इस प्रकार गन्दी बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या 1988 में लगभग 360 लाख हो जायेगी, जिसकी ओर ध्यान देना होगा। इसमें से केवल 50 लाख लोग ही कुछ स्कीमों के अन्तर्गत अब तक आ पाये हैं।"

यह पंचवर्षीय योजना के प्रारूप की इतनी मोटी किताब है, इसमें गन्दी बस्तियों के बारे में और कुछ नहीं है। पुनर्वास मंत्रालय की रिपोर्ट है, इसमें भी कुछ नहीं है और समाज कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट है, इसमें भी गन्दी बस्तियों के सम्बन्ध में कुछ नहीं है।

**श्री जगदीश टाईटलर** (दिल्ली सदर) : काम देखोगे कि रिपोर्ट देखोगे?

**श्री राम विलास पासवान** : काम टाइटलर साहब, आप बतला दीजिए।

**श्री जगदीश टाइटलर** : हमने 3 साल का काम देखिए।

**श्री राम विलास पासवान** : ठीक है, हमने देखा है 1975 से 76 तक किस तरह से बुलडोजर से उड़ाया गया है। फिर देखेंगे कि किस तरह से उड़ाया जायेगा। इसलिए काम के सम्बन्ध में मत कहिये।

मैं यह कह रहा था कि गन्दी बस्ती दो प्रकार की होती है। एक गन्दी बस्ती का सुधार हो सकता है और दूसरी का सुधार असंभव है। सर्वप्रथम मंत्री महोदय को इस बुनियादी सवाल पर सोचना होगा कि गन्दी बस्तियों का जन्म कहां से होता है। आज हमारे गांव मर चुके हैं, गांव मे लोगों के पास कोई उद्योग-धन्धे का साधन नही है, उनकी कोई पर्चेजिंग कैपेसिटी नहीं है। नतीजा यह है कि गांव का गरीब, युवा, नौजवान शहर की तरफ भागता है चाहे वह दिल्ली हो, बंगलौर, मद्रास, कानपुर, बम्बई कुछ हो। नतीजा यह होता है कि पूरे का पूरा सैंट्रलाइजेशन हो जाता है, जहां शहर है। इसलिए जब तक गांव में अधिक से अधिक संख्या में छोटे-छोटे उद्योग-धन्धे नहीं लगेंगे और जब तक वहां लोगों की पर्चेजिंग कैपेसिटी नहीं होगी तब तक यह शहरों में जो गन्दी बस्तियां हैं, उनकी वृद्धि को आप रोक नहीं सकते हैं।

मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि एक का निदान आप कर सकते हैं। जैसा आपने कहा कि जमना के पार चले जाइये, वहां एक जे० जे० कालोनी है जो सरकार की तरफ से अधिकृत है। वहां एक अधिकृत है और एक अनधिकृत है। वहां मंगोलपुरी एशिया की सब से बड़ी जे० जे० कालोनी है, इसकी पापूलेशन करीब करीब 3 लाख से ऊपर होगी। इसी प्रकार मादीपुर है, नांगलोई, सुल्तानपुरी, खिचड़ीपुर, कल्याणपुरी, नन्द नगरी, जहांगीर पुर, इन्द्रपुरी, त्रिलोकपुरी, पंखारोड, न्यू सीमापुरी, गोकुलपुरी, हिम्मतपुरी वगैरा। यह सब दिल्ली का है। एक तो इस तरह की हैं और दूसरी अनधिकृत हैं जहां जे० जे० कालोनी में आपने कहा है कि आप व्यवस्था कर देंगे।

13.00 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

यह सब दिल्ली का है। एक तो इस तरह हैं और दूसरी अनधिकृत हैं जहां जे० जे० कालोनी में आपने कहा है कि आप व्यवस्था कर देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: About all these Puri's. you want to make them Ulhas Puri's!

**श्री राम विलास पासवान** : उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं सीधा प्रश्न पूछता हूं। आपने कहा कि यह सारी समस्याएं हैं और इन समस्याओं से आप भी जरूर परिचित होंगे। जिस तरह की समस्याएं हैं, मैं समझता हूं कि यह बहुत ही भयावह हैं, दिल्ली में जब ये समस्याए हैं तो गांव और दूसरे नगरों की समस्याएं इससे भी ज्यादा जटिल हैं। अगर ज्यादा जटिल नहीं हैं, तो कम से कम उतनी जरूर है। मंत्री महोदय ने कहा है कि राज्य सरकारें भी इसमें इन-वाल्व्ड हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब तक इस विषय को केन्द्रीय सूची में नहीं रखा जाता है, क्या तब तक वह राज्यों के आवास मंत्रियों की एक बैठक बुला कर इस बारे में विशद रूप से चर्चा करेंगे। क्या वह इस समस्या को हल करने के लिए दीर्घकालीन और तात्कालिक योजनायें चलायेंगे? क्या वह बतायेंगे कि इस समय पूरे हिन्दुस्तान में कितने लोग बेघरबार हैं, उनमें से कितने लोग ग्रामीण क्षेत्रों में बेघरबार हैं, कितने लोग शहरों की गन्दी बस्तियों में रह रहे हैं और कितने लोगों को गन्दी बस्तियों में भी जगह नहीं मिली है? इस बारे में वह कौन सी योजना चलाने जा रहे हैं?

**श्री पी० सी० सेठी** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य, श्री पासवान, का बहुत ऋणी हूं कि उन्होंने अपनी कहानी अपनी जबानी सुना दी है। जितने डाकुमेंट्स उन्होंने पेश किये हैं, वे सब 1978-83 की प्लान के हैं, जो उनकी सरकार ने ही बनाई थी। चौधरी साहब शहरों और गांवों का बंटवारा करना चाहते थे और शहरों तथा गांवों के बीच दरार डालना चाहते थे, यह सब उसी का परिणाम है।

**श्री राम विलास पासवान** : यह ठीक नहीं है।

**श्री पी० सी० सेठी** : इसीलिए इन डाकुमेंट्स में इस विषय का कोई जिक्र नहीं है। उसीका परिणाम है कि इस प्लान में इस काम के लिए 140 करोड़ रुपये रखे गये थे और अनफार्चुनेटली सिर्फ 37 करोड़ रुपये राज्यों को दिये गये, जब कि यह योजना 600 से 800 करोड़ रुपये में भी पूरी नहीं हो सकती थी।

स्लम क्लीयरेंस का प्रोग्राम 1972, 1974 और 1975 में बहुत तेजी से चला था। माननीय सदस्य ने पंडित जी के इस वाक्य का जिक्र किया कि स्लम्ज को जला देना चाहिए। उनका मतलब यह नहीं था गन्दी बस्तियों को जला दिया जाये, बल्कि उनका मतलब था कि इस प्रकार की गन्दी बस्तियों नहीं होनी चाहिए, उन लोगों को कोई आल्टरनेटिव स्थान देना यह चाहिए। यह आल्टरनेटिव स्थान देने का प्रोग्राम शुरू किया गया और तुर्कमान गेट में इस प्रकार का प्रोग्राम शुरु हुआ; तब इन जैसे माननीय सदस्यों ने उस प्रोग्राम में खलल डालने की पूरी कोशिश की। उन्हें यह जान कर खुशी होगी कि इस प्रकार की जो गन्दी बस्ती उस समय तोड़ी गई थी, उसके लिए आल्टरनेटिव हाउसिंग स्कीम बन चुकी है, वे लोग बसाए जा रहे हैं और वे खुशी से वहां आ रहे हैं। उन्हें यह भी जान कर खुशी होगी कि उन लोगों के वोट भी उन्हें नहीं मिल रहे हैं।

माननीय सदस्य ने मुझ पर जोर डाला कि मैं गन्दी बस्ती में एक रात रहूं। वह जहां कहें, वहां मैं उनके साथ जितनी रात कहें, उतनी रात रहने के लिए तैयार हूं। लेकिन अगर केवल गन्दी बस्ती में रात बितानी थी, तो इस एयर कन्डीशन्ड हाउस में आने की तकलीफ उन्होंने क्यों की? **(व्यवधान)** मुझे माननीय सदस्य का सुझाव बिल्कुल मंजूर है। मैं हर स्टेट कैपिटल में जाकर गन्दी बस्तियों, ड्रिंकिंग वाटर और हाउसिंग के इस साल के प्लान के बारे में बात करूंगा। यह सब पूरा करना है। बेघरबार लोग कितने हैं, यह इस सवाल में नहीं आता है। वह सवाल दूसरा है। आपको जानकर खुशी होगी कि इस साल हम करीब करीब 40,000 मकान बनाने जा रहे हैं, जिस में अकेले ए० बी० सी क्लास के लिए 15 हजार मकान दिल्ली में बन रहे हैं। इस प्रकार हाउसिंग का भी एक बड़ा प्रोग्राम है लेकिन वह इस सवाल के अंदर नहीं आता। यह केवल मेट्रोपोलिन सिटीज के स्लम क्लीअरेंस का सवाल था लेकिन मैंने इस में आप को बताया कि स्लम क्लीअरेंस या स्लम इम्प्रूवमेंट का जहां तक सवाल है, हमारी पूरी कोशिश इस बात की है कि 1985 तक का जो प्लान फार्मुलेशन हो रहा है उस में इस का समावेश हो जाय। उस के लिए निधि हम को यहां से, भारत सरकार से भी मिल सकती है और उस के लिए वर्ल्ड बैंक से भी हम कहना चाहते है कि बजाय इस के कि हम एक स्कीम उन को सबमिट करें और उन के आफिसर्स आकर उस को पास करें हम उन से एक प्रोग्राम मांगें और उस में हम सारा ही लेना चाहते है कि चार साढ़े चार साल में इम्प्रोवाइज्ड होम बनाना चाहते है सब जगह। इस के अलावा नये स्लम बनेंगे उस का भी हम ख्याल करेंगे। हम ने जो तारीखें दी है 2 फरवरी 1977 कमर्शियल एरिया के लिए और जून 1977 रेजीडेंशियल

[श्री पी० सी० सेठी]

एरियाज के लिए यह भी पिछली सरकार ने तय की थी और रैकग्नाइज किया था कि यह कट आउट ईयर होगा । इस तारीख के पहले जो लोग आ गए हैं उन को नहीं हटाया जायगा और इस तारीख के बाद जो आए हैं उन को हटाएंगे । लेकिन हम इस पर भी पुनर्विचार कर रहें हैं कि क्या कट आउट डेट जो उन्होंने तय की थी उसी को रहने दें या इस को अप डेट करें और मैं आप को यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम ने इस बात का ध्यान रखा है, जैसा मैंने खुद कहा कि 2 करोड़ 50 लाख लोगों के बजाय 3 करोड़ के लिए कर रहें है क्योंकि बावजूद इस के कि हम स्लम क्लीअरेंस का काम अभी जिस स्पीड से कर रहे है उसी स्पीड से करते रहें यह संख्या 3 करोड़ की 1985 में हो जाएगी इसलिए नये स्लमस न बनें इस के लिए हम ने साइट ऐंड सर्विसेज का प्रोग्राम रखा और राज्य सरकारों को इस बात के लिए कहा जा रहा है कि हर जगह मिटींग्ज में, डिफरेंट एरियाज में देखें क्यों कि लोग जहां काम करने के लिए आते है वहीं झोपड़ा ठोक लेते हैं । तो यह संभव नहीं है कि लोगों को जमुनापार में केवल साइट ऐंड सर्विसेज डेवलप कर के फेंक दिया जाय और कहा जाय कि आप लोग यहां बस जायें । हमें शहर में डी डी ए के पास जो जमीन है, चाहे म्युनिसिपल कारपोरेशन के पास जमीन है, चाहे एन डी एम सी के पास जमीन है या लैंड डेवलपमेंट के पास जमीन है, चाहे जिस भी विभाग के पास जमीन है उस जमीन में साइट ऐंड सर्विसेज के ऐसे प्लाट डेवलप करने है ताकि जो कोई आइंदा स्लम या झोपड़ा बना कर काम की वजह से दिल्ली और शहरों मे रहने को आएगा उस को केवल उसी स्थान पर रहने दिया जाएगा । अगर उस स्थान के अलावा किसी दूसरे स्थान पर स्लम या अन-एथोराइज्ड कालोनी बनाने की कोशिश करेगा तो हम उस को वहां नही रहने देंगे ।

मैं यह भी आप को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी को अब झुग्गी झोपड़ी से हटाया जायगा तो या तो साइट ऐंड सर्विसेज डेवलप्ड एक प्लान के अन्दर बसाया जायगा या आलटर-नेटिवली रिसेटिलमेंट की किसी स्कीम के अंतर्गत उस को हटाया जायेगा । झोपड़ियां तोड़ने का कोई हमारा प्रोग्राम नही है, जहां कही से भी इस प्रकार की शिकायतें आती हैं उस को हम देखते हैं । हम ने राज्य सरकारों को भी इस प्रकार के इंस्ट्रक्शन दिए हैं कि ऐसा न करें। मगर कुछ राज्य सरकारों ने बदनाम करने के लिए कि फिर से इंदिरा गांधी की सरकार आ गई है, इसलिए झोपड़ी तोड़ना फिर से शुरू हो गया है, इस लिए जान बूझ कर ऐसा किया है । इस प्रकार के कुछ आफिसर आप लोगों ने बिठा रखें है जो इस प्रकार की कार्यवाही करते रहतें है हम को बदनाम करने के लिए । लेकिन हम पूरी नजर रख रहे है और इस प्रकार की कार्यवाही को रोक रहे हैं ।... (व्यवधान).

मुझे माननीय सदस्य का वह सुझाव स्वीकार है लेकिन अभी तो मैं स्टेट कैपिटल्स में जा रहा हूं । मगर उस के बाद केवल आवास मंत्रियों की नहीं बल्कि सब आवास मंत्रियों और मुख्य मंत्रियों की कान्फ्रेंस वहां बुला रहा हूं।

**श्री प्रताप भानु शर्मा** (विदिशा) : उपाध्यक्ष महोदय माननीय मंत्री जी ने अभी अपने वक्तव्य में जानकारी दी कि अगली पंच वर्षीय योजना में या आने वाले वर्षों में इन गन्दी बस्तियों के सुधार एवं उन के उन्मूलन के लिए केन्द्र सरकार क्या कर रही है । और कितनी जागरूक है । निश्चित रूप से वह इस कार्यवाही के लिए बधाई के पात्र है, विशेषकर इसलिए कि वे स्वयं गन्दी बस्तियों में जा कर उन का आकलन कर रहें हैं और स्वयं इस समस्या को समझने की कोशिश कर रहे हैं ।

आज हमारे देश में यह समस्या कितनी विकट बनी हुई है, खास तौर पर ऐसे बड़े नगरों मे, महानगरों में जो हमारे देश की प्रगति के सूचक माने जाते हैं चाहे वह दिल्ली हों, चाहे बाम्बे हो या कलकत्ता या मद्रास हो, हम ने वहा पर देखा है कि एक तरफ जहा इन नगरों में बड़ी बड़ी इमारतें हैं, बहु मंजिली बिल्डिंगें बनी हुई हैं वहीं इन इमारतों से ज्यादा संख्या गन्दी बस्तियों की दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है । जहां पर न सफाई है न पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है और न सैनिटरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोई व्यवस्था है । इन गन्दी बस्तियों में रहने वाले गरीब 95 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो देश के निर्माण के कार्य में लगे रहतें है । वे इन बड़ी बड़ी इमारतों के निर्माण में अपनी कार्यकुशलता और श्रम का योगदान दे सकते हैं । वे लोग दूसरों के लिए सब कुछ बना सकते है, दूसरों के लिए सब कुछ कर सकतें है परन्तु स्वयं के लिए कुछ भी करने के क्षमता उन में आर्थिक सामर्थ्य न होंने के कारण नही है । यह सब हमारे शासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए । ऐसे व्यक्ति जिनके बारे में कोई सोचने वाला नहीं है, जो स्वयं काम करने की क्षमता रखते है लेकिन कर नहीं पाते हैं, उनकी प्रगति के लिए मंत्री जी जागरूक रहें, इसके लिए तब जरूरी

है कि गन्दी बस्तियों के विकास के लिए समयबद्ध कार्यक्रम हमारी सरकार अपने हाथ में ले। छठी पंचवर्षीय योजना का ड्राफ्ट प्लान हमारे सामने है और मंत्री जी ने बताया है कि उसमें इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने आश्वासन भी दिया है कि उसमें करीब 600 करोड़ रुपए का प्रावधान रखने का विचार है। निश्चित रूप से इस बात के लिए मंत्री महोदय बधाई के पात्र हैं। 600 करोड़ का प्रावधान जो मंत्री जी रखवाना चाहते हैं वह इसलिए भी आवश्यक है कि पिछली योजना में, 1978--83 के लिए सम्भवतः 140 करोड़ का ही प्रावधान किया गया था और वह पैसा भी, उनकी जानकारी के अनुसार इस कार्य में न लगाकर दूसरे कार्यों पर लगा दिया गया जिसके परिणामस्वरूप गन्दी बस्तियों की समस्या जो हल होनी चाहिए थी वह और बढ़ती गई। उस रुपए का दुरुपयोग किया गया और जिस काम में वह चाहा उनकी जानकारी भी दी गई। ऐसी स्थिति में हमारे मंत्री जी की जैसी काम करने की क्षमता है, किसी भी काम को वे दृढ़ निश्चय के साथ करते हैं समयबद्ध योजना को वे प्राथमिकता देते हैं. मेरा उनसे निवेदन है कि आने वाले 5 वर्षों के लिए 600 करोड़ रुपए का जो प्रावधान रखा गया है इसके अन्तर्गत समयबद्ध योजनाओं को हाथ में लेकर ही गन्दी बस्तियों के उन्मूलन की योजना को मूर्तरूप प्रदान किया जा सकता है। जैसा कि आपने बताया गन्दी बस्तियों की 40 फीसदी आबादी 9 बड़े-बड़े महानगरों में रहती है इसलिए इन शहरों के लिए एक समयबद्ध योजना तैयार करनी होगी। मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आने वाले 5 वर्षों के समय के लिए वे एक मास्टर प्लान बनायें जिसको 9 महानगरों में पूरी सक्षमता से, सक्षम अधिकारियों के द्वारा चाहे विकास प्राधिकरण या म्युनिसिपल कार्पोरेशन के माध्यम से लागू किया जाए। यदि समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उनको लागू किया जाता है तो निश्चित रूप से आने वाले 5 वर्षों में कम से कम 9 महानगरों में, जहां पर 40 फीसदी आबादी गन्दी बस्तियों में रहती है, वहां पर एक प्रतिशत भी कहने के लिए गन्दी बस्ती नहीं रह जायेगी। माननीय मंत्री जी ने जो जानकारी दी है उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं और विश्वास करता हूं कि जो दिलचस्पी मंत्री जी स्वयं गन्दी बस्तियों के उन्मूलन में ले रहे हैं, देश के विभिन्न भागों में, विभिन्न राजधानियों में जाकर स्वयं देखते हैं, वे अवश्य इस दशा में सफलता प्राप्त करेंगे। धन्यवाद।

श्री पी० सी० सेठी : मैं माननीय सदस्य का आभारी हूं। उन्होंने दो बातें कहीं हैं। समयबद्ध कार्यक्रम की बात जो मैंने स्वयं कही है अगले प्लान पीरियड में इस समस्या के निराकरण की बात कही गई है इसलिए यह समयबद्ध कार्यक्रम बन जाता है।

दूसरी बात उन्होंने कही कि 600 करोड़ रुपए रखने का प्रावधान कर रहे है, उसमें थोड़ा सा संशोधन है कि 600 करोड़ रुपया हम रखवाना चाहते है लेकिन हम स्वयं प्रावधान करने वाले नही है।

---

13.12 hrs.

## STATEMENT *RE*. WITHDRAWAL OF MONEY FROM THE CONTINGENCY FUND TOWARDS PAYMENT OF AMOUNT TO BANKS NATIONALISED ON 15TH APRIL, 1980.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI MAGANBHAI BAROT): As the Hon'ble Members are aware, Government of India issued an Ordinance on 15th April, 1980 nationalising six banks, namely The Andhra Bank Limited, Corporation Bank Limited, The New Bank of India Limited, The Oriental Bank of Commerce Limited, The Punjab and Sind Bank Limited and Vijaya Bank Limited. This House has already passed the Bill to replace the said Ordinance a few days back. The Rajya Sabha also has subsequently passed the Bill.

The scheme of nationalisation provides for payment of an amount of Rs. 18.5 crores to the six erstwhile banking companies which were given the option to claim the amount either in cash (in three equal annual instalments) or in Central Government securities maturing after 10 or 30 years or a combination of one or more of the above. The scheme also provides for interim payment to the extent of 75 per cent of the paid-up capital of each bank. The payment of